नैक (NAAC) द्वारा ‘A’ ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## हिंदी विश्वविद्यालय में संकाय अनुप्रेरणा कार्यक्रम प्रारंभ

## शिक्षा में नवाचार का करें प्रयोग – कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र

वर्धा, 27 नवंबर 2018: शिक्षा में निरंतर नवाचार का प्रयोग करना चाहिए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों को स्वयं को तकनीक को अपनाकर शिक्षा की चुनौतियों का मुकाबला करना चाहिए। उक्त बातें महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कही1 वे शिक्षा विद्यापीठ की ओर से पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण मिशन, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत संकाय अनुप्रेरणा कार्यक्रम के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम का उदघाटन कुलपति प्रो.




मिश्र की अध्यक्षता में 16 नवंबर को किया गया। यह कार्यक्रम 14 दिसंबर तक चलेगा। इसमें देश भर के विभिन्न महाविद्यालय एवं विद्यापीठों के शिक्षक शामिल हुए हैं। उदघाटन समारोह में मंच पर शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर, डॉ. शिरीष पाल सिंह, धर्मेंद्र शंभरकर उपस्थित थे। स्वागत वक्तव्य डॉ. गोपाल ठाकुर ने दिया। उन्होंने कहा कि सहायक प्रोफेसरों के लिए संकाय अनुप्रेरणा कार्यक्रम आवश्यक किया गया है और विवि के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। प्रास्ताविक में डॉ. शिरीष पाल सिंह ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता, शिक्षा सुधार, वैश्विक शिक्षा के बदलते आयाम, शिक्षा में मानव संसाधन विकास, पाठ्यक्रम निर्माण, इ-कंटेंट विकास और कॉपीराइट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्याताओं के व्याख्यानों का

आयोजन इस कार्यक्रम के तहत किया जाएगा। उन्होंने 14 दिसंबर तक आयोजित व्याख्यानों का विवरण



प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग की सहायक प्रोफेसर पुष्पा नामदेव ने किया तथा आभार धर्मेंद्र शंभरकर ने माना।